राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
■ देहरादून ■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ वाराणसी से प्रकाशित
देहरादून
बृहस्पतिवार ● 8 अप्रैल ● 2021
पृष्ठ 14, वर्ष-14, अंक 4863, मूल्य ₹ 3.00

वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक

उत्तरकाशी/एसएनबी। कृषि विज्ञान केंद्र चिन्यालीसौड़ में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए कार्य योजना भी प्रस्तावित की गयी।

विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान अल्मोड़ा के निदेशक डा. लक्ष्मीकांत की अध्यक्षता में हुई बैठक में विषय वस्तु विशेषज्ञ, उद्यान विज्ञान डा. पंकज नौटियाल ने वर्ष 2020-21 की प्रगति समीक्षा प्रस्तुत की। बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए कार्य योजना भी प्रस्तावित की गयी। बैठक में निदेशक डा.लक्ष्मीकांत ने केंद्र के कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि केंद्र समय समय पर कृषकों को तकनीकी प्रदर्शन, उच्च गुणवत्ता वाले बीज, पौध और कृषकों की समस्या पर चर्चा की।बैठक में प्रधान वैज्ञानिक डा. बीएम पांडे, डा. केके मिश्रा, डा.जेके बिष्ट ने आगामी प्रस्तावित कार्ययोजना पर चर्चा की। केन्द्रीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डा. बांके बिहारी ने जल संरक्षण पर कार्य योजना तैयार करने, रानीचौरी वानिकी विश्वविद्यालय के संयुक्त निदेशक डा.अरविन्द बिजल्वाण ने कृषि वानिकी पर कार्य करने, एजीएम नाबार्ड पी.सुनील मोहन कृष्णन ने नाबार्ड के सहयोग से किसानों को प्रशिक्षित करने का सुझाव दिया। बैठक में मुख्य कृषि अधिकारी, मुख्य उद्यान अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी, कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी आदि ने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। बैठक में केंद्र के नीरज जोशी, रोहिणी खोब्रागडे, वरुण सुप्याल, ख्याली राम, प्रगतिशील कृषक जीत सिंह राणा, गंगा देवी , मोहन सिंह, अतरा देवी एवं दलबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

आगामी वित्तीय वर्ष के लिए कार्ययोजना प्रस्तावित